Jansatta, Kolkata, September 09, 2009

गरीब बच्चों के लिए हुई प्रतियोगिता

कोलकाता, 31 अगस्त (जनसत्ता)। टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज ने गरीब बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए एक अंतर स्कूल सांस्कृतिक प्रतियोगिता आयोजित की। यह प्रतियोगिता पार्क सर्कस स्थित डान बॉस्को स्कूल में आयोजित हुई जिसमें 16 स्कूलों के 600 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में टीसीएस के सेंटर हेड श्रीधर बक्शी, उपाध्यक्ष सुश्री गार्गीकिनी और सिस्टर फ्लेवियन खास मेहमान के तौर पर उपस्थित थीं। प्रतियोगिता का नाम था प्रोत्साहन। जूनियर सेक्शन में डान बॉस्को, पार्क सर्कस को चैंपियन घोषित किया गया। जबकि सीनियर सेक्शन में लोरेटो डे स्कूल चैंपियन हुआ।